Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged selling of railway land in West Bengal.

श्री अर्जुन सिंह (बैरकपुर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं । मैं अपने संसदीय क्षेत्र बैरकपुर की रेल संबंधी एक समस्या के बारे में आपके माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान आकर्षण करना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र में कटरापाड़ा से लेकर बैरकपुर तक रेल स्टेशन्स हैं, जहां पर रेल की जमीन को वहां की सरकार के लोग बेच दे रहे हैं । दस रुपये के स्टैम्प पेपर पर बेच रहे हैं । कुछ असाधु शक्ति वहां हैं, जैसा कि आप देख रहे हैं बंगाल में करप्शन के बारे में हाई कोर्ट के माध्यम से हर रोज यह बात आ रही है कि बंगाल में करप्शन पर करप्शन हो रहा है, लेकिन रेल मंत्रालय, जो केन्द्र सरकार का एक विभाग है, वहां निचले स्तर पर कुछ ऐसे अधिकारी हैं जो उनके साथ मिलकर रेल की जमीनें बेच रहे हैं । मैं इस पर सरकार का ध्यान आकर्षण करना चाहता हूं, ताकि इसको तत्काल रोका जाए, क्योंकि यह देश की सम्पत्ति है और इसे नहीं बेचा जाए ।